







## एक नजर में

### अतिक्रमण हटाकर दुकानदारों को दी समझाइश



**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर में अतिक्रमण की शिकायतों के बाद नगर परिषद ने लंबे समय बाद संज्ञान लेते हुए गुरुवार दोपहर बाद अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आरंभ की। सी एम ओ संजय रावल और नगर परिषद का आमला सब इंस्पेक्टर कमल तारे और महिला कांस्टेबल की उपस्थिति में सबसे पहले सब्जी मार्केट पहुंचा और वहां जो दुकानदार सड़क पर सब्जी के कैरेट रख कर अतिक्रमण कर रहे थे उनके अतिक्रमण हटाकर सड़क क्लियर करवाई और भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की लास्ट वार्निंग भी दी। यहां कुल दो तीन दुकानदार ही है जो दुकान के सामने सड़क पर और पोस्ट ऑफिस गेट पर समान रखकर रास्ते जाम करते है।इसके बाद बस स्टैंड पर और राजीव गांधी प्रतिमा स्थल तक फल फरूट वालो की दुकानों को अतिक्रमण हटाकर व्यवस्थित किया गया। राजीव गांधी प्रतिमा के पीछे और सामने पुलिस चौकी के सामने सहित यहां आस पास फल की दुकानों पर अतिक्रमण हटाया गया और समझाइश दी गई।इसके बाद जेल रोड पर उस स्थान पर गए जहां यातायात का ब्लैक स्पॉट है यहां सड़क के दोनों ओर दो दुकानदार है जिनकी कटलरी और किराना की दुकान है जहां दोनों ही सड़क पर टेबलें लगाकर वर्षों से रोड जाम करते आ रहे है। यहां सबसे ज्यादा रोड जाम होता है इसकी शिकायत कई बार शांति समिति की बैठकों में भी समय समय पर की जाती रही है और इन दुकानदारों को कई बार समझाइश भी दी जा चुकी है लेकिन ये दोनों दुकानदार सड़क पर अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं होते है।गुरुवार को इन दोनों को अंतिम चेतावनी दी गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय रावल ने कहा कि अतिक्रमण हटाकर चेतावनी दी गई है भविष्य में अतिक्रमण किया गया तो समान जप्त करने के साथ एस डी एम न्यायालय में भी प्रस्तुत किया जाएगा।

### नाबालिग के बलात्कारी को 20 साल की कठोर सजा

**मंडलेश्वर, निप्र।** पॉक्सो न्यायालय मंडलेश्वर के विशेष न्यायाधीश श्री रवि झारोला की विशेष पॉक्सो अदालत ने नाबालिक लड़की का अपहरण कर बलात्कार करने के आरोप में 19 वर्षीय युवक मनीष काशीराम डावर निवासी ग्राम छोटा रूपखेड़ा थाना बलकवाडा तहसील कसरावद को भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 के तहत 05 वर्ष के कठोर कारावास, बी एन एस की धारा 65 में 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं पॉक्सो एक्ट 2012 की धारा 5 (एल) सहपठित धारा 6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा और कुल 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।विशेष लोक अभियोजक पी एस अलावा मंडलेश्वर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित अपने पिता के साथ नागलवाड़ी मेला देखने गई थी घटना 09 अगस्त 24 की है जब दोपहर में पिता के साथ मेला देखने गई 16 वर्षीय नाबालिक लड़की मेले में गुम हो गई थी जहां से अभियुक्त द्वारा उसे गुजरात ले जाकर बलात्कार किया गया था।

### खंडवा मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ चिकित्सक देंगे सिरवेल स्वास्थ्य शिविर में सेवा

**खरगोन।** संभाग आयुक्त इंदौर के निर्देशानुसार खरगोन जिले के भगवानपुरा विकासखण्ड के ग्राम सिरवेल में 24 अगस्त को जिला स्तरीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह–अस्पताल, खण्डवा के चिकित्सा शिक्षक, विशेषज्ञ चिकित्सक, सीनियर व जूनियर रेजीडेन्ट्स तथा इंटर्न अपनी सेवाएं देने आएंगे। जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर के आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं आदि कर्मयोगी अभियान के नोडल अधिकारी श्री आकाश सिंह ने बताया कि शिविर में चिकित्सा महाविद्यालय खण्डवा से विभिन्न विभागों से चयनित चिकित्सकों जनरल मेडिसिन विभाग से विशेषज्ञ डॉ. योगिता मुखाती और इंटर्न डॉ. महिमा, जनरल सर्जरी विभाग से विशेषज्ञ डॉ. जय धर्मेंद्र गोयल, जूनियर रेजीडेन्ट डॉ. हिमांशु शर्मा व इंटर्न डॉ. ॠषिता श्रीवास्तव उपस्थित रहेगी। नाक, कान, गला विभाग के विशेषज्ञ डॉ. शिवम तोमर व चिकित्सक डॉ. मनीष, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग से विशेषज्ञ डॉ. विपाशा, जूनियर रेजीडेन्ट डॉ. शाहीकला और इंटर्न शीतल व संस्कृति को जिम्मेदारी दी गई है। शिशु रोग विभाग से विशेषज्ञ डॉ. खोज़ेमा, चिकित्सक शिवम तिवारी और इंटर्न विशाल भामधरे को ड्यूटी लगाई गई है। अस्थि रोग विभाग से विशेषज्ञ डॉ. बलराम, जूनियर रेजीडेन्ट डॉ. रंधीर और इंटर्न सोहद्रा, नेत्र विभाग से विशेषज्ञ डॉ. अदिति मिश्रा, दंत विभाग से चिकित्सा शिक्षक तथा मनो रोग विभाग से मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सलोनी मिश्रा सेवाएं देंगी।

इसके अतिरिक्त चर्म रोग विभाग से विशेषज्ञ डॉ. दीपाली सेंगर, जूनियर रेजीडेन्ट डॉ. प्रितेश वास्कले, पैथोलॉजी विभाग से चिकित्सक डॉ. सुमित यादव, जूनियर रेजीडेन्ट डॉ. दिव्या सेट्या तथा कम्युनिटी मेडिसिन विभाग से जूनियर रेजीडेन्ट डॉ. मंदवी शर्मा और इंटर्न आशा जमरा और आशीष यादव शिविर में सेवाएं देंगे।

### रायबिड़पूरा पंचायत में क्यूआर कोड से जलकर जमा करने का नवाचार





**खरगोन।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल एवं जिला पंचायतके मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह के निर्देशानुसार खरगोन विकासखंड के हर घर जल प्रमाणिकृत ग्रामों में विकासखंड समन्वयक अमित गुर्जर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान ग्रामों में जलकर वसूली की कार्यवाही क्यूआर कोड के माध्यम से प्रारम्भ कर दी गई है। ग्राम पंचायत रायबिड़पुरा में जलकर जमा करने के लिए जय जल देवी समूह की दीदियो द्वारा लोगो को प्रेरित कर पंचायत भवन तक लाया जा रहा है। ग्रामीण भी सहर्ष जल कर जमा कर रहे है।

# सेवा के लिए मन चाहिए, साधन अपने आप जुट जाते हैं : भैयाजी जोशी

## एक दिवसीय प्रवास पर शहर पहुंचे आरएसएस अभा कार्यकारिणी सदस्य जोशी

नवभारत न्यूज

**खरगोन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भैयाजी जोशी एक दिवसीय प्रवास पर गुरुवार को शहर पहुंचे। राधाकुंज परिसर के सभागृह में आयोजित सेवा संस्था बैठक में उन्होंने खरगोन, बड़वाह, सेंधवा एवं बड़वानी जिले के 50 से अधिक सेवा संस्थाओं तथा 120 से अधिक समाजसेवियों को संबोधित किया। इस अवसर पर मातृशक्ति सहित आध्यात्मिक क्षेत्र और समाज सेवा में सक्रिय कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**





सभा को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने कहा कि हमें सेवा का अवसर मिला है, यह हमारा सौभाग्य है। सेवा केवल सहायता भर नहीं, बल्कि जिस व्यक्ति की सेवा की जा रही है उसे ईश्वर मानकर की जानी चाहिए। सेवा का लक्ष्य केवल तात्कालिक सहायता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और संस्कारवान व्यक्तित्व का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने सेवा को भारतीय संस्कृति का प्राणतत्व बताते हुए कहा कि हमारी परंपरा में सेवा कभी दिखावे या प्रसिद्धि का साधन नहीं रही, बल्कि यह जीवन का सहज आचरण है। उदाहरण देते हुए कहा कि माता अपने बच्चे की सेवा करती है, तो वहां कोई उपकार नहीं, बल्कि ममता और कर्तव्य का भाव होता है। ठीक उसी प्रकार समाज के पीड़ित, वंचित और जरूरतमंद वर्ग की सेवा भी कर्तव्यबोध से की जानी चाहिए।

श्री जोशी ने कहा कि सेवा का सबसे बड़ा स्वरूप है, व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना। यदि कोई सेवाभावी संगठन किसी को शिक्षित करता है, कौशल प्रदान करता है या संस्कार देता है, तो वह केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे समाज को संबल देता है।

सेवाभावी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि सेवा कार्यों के माध्यम से समाज को आत्मनिर्भर, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास से परिपूर्ण बनाते हुए संस्कारवान व्यक्तित्व का निर्माण करें। यही सेवा की श्रृंखला है, यही सच्ची राष्ट्रसेवा है।

### सेवा उपकार नहीं, परोपकर है

उन्होंने स्पष्ट किया कि सेवा का परिणाम आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और स्वावलंबन जगाने वाला होना चाहिए, ताकि सेवाग्राही स्वयं भी आगे चलकर समाज सेवा में योगदान कर सके। उनके अनुसारए भारत की दृष्टि नर सेवा ही नारायण सेवा होनी चाहिए। सेवा उपकार नहीं, परोपकार है और यह जीवन का परमोधर्म है। भैयाजी जोशी ने सामाजिक कार्य की परिधि को चार शब्दों में समेटते हुए कहा– सेवा, संस्कार, जागरूकता और सामाजिक सुधार। इन्हीं आधारों पर सशक्त और विकसित समाज का निर्माण संभव है।

# नगर पालिका द्वारा तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा शहर के गौशाला मार्ग से उमरखली रोड़ तक, एम.जी. रोड से मोहन टाकिज क्षेत्र व छोटी मोहन टाकिज क्षेत्र में रोड़ किनारे अनाधिकृत रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। इसी क्रम में नगर पालिका द्वारा 20 अगस्त को लगातार तीसरे दिन भी रिमुव्हल कार्यवाही करते हुए अनाधिकृत अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की गई।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री कमला कोल ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा एम.जी. रोड से प्रारंभ कर तिकपथ मोहन टाकिज होते हुए गौशाला मार्ग से उमरखली रोड तक अनाधिकृत अतिक्रमणों को हटाया गया। इस कार्रवाई में अधिकतर दुकानदारों से स्वयं ही अतिक्रमण हटवाया गया।

इस कार्यवाही में राजस्व अधिकारी महेश वर्मा के निर्देशन में प्र. राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र चौहान, राकेश डंडीर, जयदेव कानूनगो, प्रदीप यादव, दीपक वडनेरे, रवि कोकणें, कैलाश वर्मा, सुनिल तंवर, पिंटू भाटिया, विपुल रघुवंशी आदि ने दल बल के साथ कार्यवाही में की है। नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि खरगोन शहर सभी का अपना शहर है। सभी नागरिक सुरक्षित और सुगम यातायात के लिए सड़क के दोनों ओर किसी भी प्रकार का अनाधिकृत अतिक्रमण न करें। उन्होंने कहा कि शहर को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने में नागरिक नगर पालिका का सहयोग करें।

### बिना पूर्व सूचना के अतिक्रमण हटाया जाएगा

प्र.राजस्व अधिकारी महेश वर्मा द्वारा बताया गया कि निकाय द्वारा कार्रवाई करने के पश्चात दुकानदारों द्वारा पून: रोड पर अतिक्रमण किया जाने से आवागमन बाधित होता है। निकाय द्वारा की जा रही कार्यवाही के उपरांत यदि किसी के द्वारा पून: अतिक्रमण किया जाना पाया गया तो बिना किसी पूर्व सूचना के निकाय द्वारा अतिक्रमण को निकाय द्वारा हटाया जाएगा। जिसमें होने वाली क्षति के लिए भी अतिक्रमणकर्ता स्वयं जवाबदार रहेगें। इसके लिए शहर के समस्त मुख्य मार्गों पर अनाधिकृत रूप से किए गए अतिक्रमणों पर निगरानी रखी जाकर हटाने कार्यवाही नियमित रूप से की जाएगी। निकाय द्वारा इस मार्ग पर विगत दो दिनों से सतत निगरानी रखी जाने पर व्यापारियों द्वारा दुकानों के बाहर अतिक्रमण पाया जाने से आज पून: तीसरे दिन भी रिमुव्हल कार्यवाही अमल में लाई गई है जो निरंतर जारी रहेगी। इसी के साथ ही शहर के प्रमुख मार्गो पर भी इस तरह की कार्रवाई की जाएगी।



# जिले को संपूर्णता अभियान में मिला ब्रॉन्ज मेडल, सीएम मोहन यादव ने किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** संपूर्णता अभियान में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर जिले को ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के दौरान जिले के अधिकारियों को सम्मानित करते हुए दिया। यह सम्मान नीति आयोग ने जुलाई से सितंबर 2024 तक चलाए गए संपूर्णता अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने पर दिया।

जिले की टीम को तत्कालीन कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में किए गए बेहतरीन कार्यों के लिए विशेष सराहना मिली। समारोह में कर्मवीर शर्मा तत्कालीन कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह, भगवानपुरा तत्कालीन सीईओ पवन कुमार शाह, झिरन्या जनपद सीईओ महेंद्र श्रीवास्तव, तकनीकी सहायक जिला पंचायत नीरज अमझरे को मुख्यमंत्री ने मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन, नीति आयोग के सचिव डॉ. रोहित कुमार, सदस्य रमेश चंद्र, तथा प्रदेश के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप उपस्थित रहे।

# संघवी बने जैन प्रबुद्ध मंच जिलाध्यक्ष, डिजीटल रुप में सामाजिक गतिविधियों को देंगे बढ़ावा







नवभारत न्यूज

**खरगोन।** जैन समाज के सक्रिय समाजसेवी योगेश राठौर (संघवी) को समाज के राष्ट्रीय संगठन जैन प्रबुद्ध मंच का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदीप सोनी अजमेर की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल टोंग्या ने की है। जैन की नियुक्ति करते हुए प्रदेश संगठन ने समाजसेवा एवं समाज संगठन को डिजीटल तरीके से बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे जैनत्व एप्प को जिले में विस्तार देकर संगठन को मजबूत करने की अपील की है।

श्री योगेश संघवी ने बताया कि मंच ट्रस्ट के रुप में सामाजिक स्तर पर काम कर रहा है। जिले की गतिविधियां जैनत्व एप्प के माध्यम से संचालित की जाएगी, जिसमें देशभर के लोगों को शामिल किया गया है। इस एप्प की विशेषता है कि इसके माध्यम से पंच चौपाल व्यवस्था का पुन: संचालन शुरु किया जा रहा है, जो अभिनव व्यवस्था है। संघवी ने जिलाध्यक्ष दायित्व मिलने पर जिले में ट्रस्ट कार्यकारिणी को विस्तार देते हुए सचिव जितेन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष आदित्य जैन को मनोनित किया। इनके साथ ही जिला पंच का दायित्व श्रीमती अर्चना डॉ. अनिल कंड्या, हरीश जैन, तेजपाल जैन, निर्मल जैन एडवोकेट भीकनगांव को सौंपा है। श्री संघवी ने बताया जैन प्रबुद्ध मंच ट्रस्ट की डिजीटल तरीके से सामाजिक एकता को बढ़ावा देने की इस सकारात्मक पहल को देशभर से सराहना मिल रही है। खरगोन जिला अध्यक्ष पद पर संघवी सहित जिला पंचों की नियुक्ति पर समाजजनों सहित स्नेहीजनों ने खुशी जताते हुए बधाई दी है।

# ब्लाक की 6टीं व 9वीं कक्षा की कन्या छात्राओं को निशुल्क साइकल वितरण

नवभारत न्यूज

**गोगावा, निप्र।** राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम लगातार जारी हे मुख्यालय पर भी बुधवार को ब्लाक के माध्यमिक विद्यालयो में पड़ने वाली कक्षा छटी की115 व उच्चतर माध्यमिक की नवमी कक्षा की 69 छात्राओं के संस्था प्रमुखों को निशुल्क साइकिल वितरण का काम आदिम जाति कल्याण विभाग व सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत किया गया जिसमे लगभग प्रथम अवसर में 184 पात्र बच्चो की सायकल वितरण की प्रक्रिया ब्लाक शिक्षा अधिकारी राहुल पाध्ये व बीआरसी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में निभाई गई वही सायकल वितरण की प्रक्रिया प्रत्येक संस्था में स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिती में छात्राओं को अपनी अपनी संस्था से किया जाएगा उधर अधिकारिद्वय ने यह भी बताया की जैसे ही शेष रही साइकिले प्राप्त होती हे तो द्वितीय अवसर में भी इसका वितरण कार्य तत्काल किया जाएगा। इस दौरान कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य ज्ञानचंद नीहाले वरिष्ट व्याख्याता रमा कुशवाह, नवागत बीएसी काशीराम डुडवे,गणेश यादव, लिपिक स्वप्निल करोंदीया , शिवम कुशवाह आदि कर्मचारी मौजूद थे।



# नाका पैनल कसरावद ने मनाया विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, बुजुर्गो का किया सम्मान



**कसरावद, निप्र।** गुरुवार को नाका पैनल द्वारा विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अजय दादा मंडलोई ने नवभारत संवाददाता को बताया कि 1990 बुजुर्गों की चुनौतियों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिन मनाया जाता है भारत में 2050 तक हर पांचवा व्यक्ति बुजुर्ग होगा।80 वर्षीय भगवान पाटीदार ने बताया कि आज भी अपने फिटनेस को लेकर सजग हूं तथा खानपान पर ध्यान देता हूं एवं प्रतिदिन घूमने जाता हूं। विश्व नागरिक दिवस पर बुजुर्गों शांतिलाल हार्डीया, पर्वत सिंह पटेल को पुष्प माला पहनाकर मुकेश पाटीदार विनोद नामदेव प्रदीप कुशवाहा आदि ने विश्व वरिष्ठ नागरिकता दिवस पर सम्मान किया गया।

## एक नजर में

### प्रशिक्षण महिलाओं की एक फेडरेशन समिति का गठन किया गया

# महिलाओं के नेतृत्व में चलेगा महेश्वर का पर्यटन केंद्र : आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा एक और कदम

नवभारत न्यूज

**महेश्वर, निप्र।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पर्यटन क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से, खरगोन जिला प्रशासन और मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत प्रशिक्षित महिलाओं की एक फेडरेशन (समिति) का गठन किया गया है, जो अब महेश्वर के पर्यटन सुविधा केंद्र का संचालन करेगी। यह परियोजना महिलाओं को रोज़गार और स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है।



महेश्वर के पर्यटन सुविधा केंद्र में आयोजित फेडरेशन की पहली बैठक में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड से डॉ. आलोक चौबे, दृष्टि सक्सेना और जिला प्रशासन से नीरज अमजेरे उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. आलोक चौबे ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं से संवाद किया और उन्हें सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित किया।उन्होंने फेडरेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परियोजना न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि उन्हें पर्यटन क्षेत्र में एक नई पहचान भी दिला रही है। उन्होंने जोर दिया कि इस फेडरेशन के माध्यम से महिला पर्यटकों को अधिक से अधिक सुविधाएँ मिलनी चाहिए, ताकि महेश्वर में महिला पर्यटकों की संख्या बढ़ सके। दृष्टि सक्सेना ने फेडरेशन के सदस्यों को पर्यटन सुविधा केंद्र के संचालन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि महेश्वर आने वाली महिला पर्यटकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। साथ ही, उन्होंने सदस्यों को एक गाइड के रूप में महेश्वर के प्रमुख स्थानों का भ्रमण कराने की जानकारी दी।

### प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन

डी.ए.टी.सी.सी. नीरज अमझरे ने प्रशिक्षु महिलाओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वसुधा विकास संस्थान के परियोजना अधिकारी सतीश वाणी ने बताया कि परियोजना के तहत अब तक कई महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर पर्यटन क्षेत्र में रोज़गार से जुड़ चुकी हैं, जो इसकी सफलता का प्रमाण है। प्रशिक्षित महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। स्वाति यादव ने बताया कि पहले वह बेरोजगार थीं, लेकिन प्रशिक्षण के बाद अब वह पर्यटन सुविधा केंद्र में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम कर रही हैं।वहीं, दीपिका केवट ने नाविक और स्टोरीटेलिंग की ट्रेनिंग का अनुभव बताते हुए कहा कि अब वह नर्मदा घाट पर महिला पर्यटकों को नाव से महेश्वर दर्शन कराती हैं, जिससे महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा है।

बैठक के बाद फेडरेशन की सदस्यों को एमपीटी के होटल नर्मदा रीट्रीट का भ्रमण कराया गया।